AMAR UJALA Page 5

गर्भ संस्कार और टूरिज्म में भी डिप्लोमा शुरू करेगा लविवि

ऑनलाइन डिप्लोमा का भी प्रस्ताव, एडऑन की अनिवार्यता समाप्त

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय साइबर लॉ, गर्भ संस्कार, राइट टू इन्फॉर्मेशन पर नए डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करेगा। इतना ही नही टूरिज्म और वाइल्ड लाइफ जैसे डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का ऑनलाइन संचालन किया जाएगा। साथ ही विवि प्रशासन ने पिछले कई साल से डिप्लोमा पाठ्यक्रम के संबंध में चली आ रही एडऑन की अनिवार्यता भी समाप्त कर दी है। अब सभी पाठ्यक्रमों में सीधे आवेदन किया जा सकेगा। अभी तक डिप्लोमा पाठ्यक्रम में केवल लविवि के किसी नियमित पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले विद्यार्थी ही दाखिला ले सकते थे।

विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्र हित में यह सकारात्मक निर्णय लिया है। इसके लिए सभी डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कार्यक्रमों के पाठ्यक्रमों का पुनरावलोकन किया गया है। पुनरावलोकन के बाद विभागाध्यक्षों से उनके यहां संचालित होने लायक डिप्लोमा के प्रस्ताव देने को कहा गया था। विभागाध्यक्षों से मिली सूची के आधार पर डिप्लोमा दो वर्षों से इन पाठ्यक्रमों को एडऑन की श्रेणी में डालने से यह सभी लगभग बंद हो गए थे। इसलिए इन पाठ्यक्रमों की एडऑन की अनिवार्यता समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। कोरोना की समस्या को देखते हुए कई रोजारोन्मुखी ऑनलाइन डिप्लोमा भी प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है।

न्यूनतम 18 हजार रुपये होगी फीस

लखनऊ विवि में डिप्लोमा पाठ्यक्रम की न्यूनतम फीस अब 18 हजार रुपये होगी। इसमें न्यूनतम 30 सीट की अनिवार्यता भी रखी गई है। साथ ही प्रवेश और इनरोलमेंट फीस अलग से देनी होगी। पीजी डिप्लोमा इन एक्सप्लोरेशन रिसोर्सेज एंड माइनिंग टेक्नोलॉजी, प्रोफेशनल डिप्लोमा इन क्लीनिकल साइकोलॉजी, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट में न्यूनतम फीस 37 हजार रुपये रखी गई है।

इन पाठ्यक्रमों में होंगे दाखिले

■ पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट (60) ■ डिप्लोमा इन इंटरनेशनल एयरलाइन टिकटिंग एंड ग्लोबल डिस्ट्रीब्यूशन (30) ■ ऑनलाइन सर्टिफिकेट ऑफ फाउंडेशन इन टूरिज्म एंड ट्रेवल (60) ■ ऑनलाइन सर्टिफिकेट ऑफ इंडियन टूरिज्म एंड ट्रेवल (60) ■ ऑनलाइन सर्टिफिकेट ऑफ इंडियन टूरिज्म डेस्टिनेशन (60) ■ ऑनलाइन सर्टिफिकेट ऑफ ग्लोबल टूरिज्म एंड डेस्टिनेशन (60) ■ एडवांस डिप्लोमा इन क्लिनिकल न्यूट्रिशन एंड डायटिक्स (30) ■ एडवांस डिप्लोमा इन चाइल्ड गाइडेंस एंड काउंसलिंग (30) ■ प्रोफेशनल डिप्लोमा इन क्लिनिकल साइकोलॉजी (16) ■ ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्रोग्राम ऑन सक्सेसफुल कॅरियर बिल्डिंग (30) ■ पीजी डिप्लोमा इन एपिडेमियोलॉजी एंड बायोस्टेट (30) ■ पोस्ट एमए डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन रेग्युलर (30) ■ पीजी डिप्लोमा इन राइट टू इन्फॉर्मेशन एंड डेमोक्रेसी (30) ■ पीजी डिप्लोमा इन डिजास्टर रिलीफ एंड रिहैबिलिटेशन (30) ■ पीजी डिप्लोमा इन रिप्रोडक्शन एंड चाइल्ड हेल्थ (30) ■ पीजी डिप्लोमा इन एचआईवी एड्स एंड फैमिली लाइफ एजुकेशन (30) ■ पीजी डिप्लोमा इन सोशल ड्यूटी एंड ह्यूमन राइट्स (30), पीजी डिप्लोमा इन सायबर लॉ (40) ■ पीजी डिप्लोमा इन इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट (40) ■ पीजी डिप्लोमा इन गर्भ संस्कार (30) ■ ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन गर्भ संस्कार (50) ■ पीजी डिप्लोमा इन एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग टेक्नोलॉजी (15) ■ डिप्लोमा इन डेटा अनालिसिस विद स्टेटिकल पैकेज फॉर सोशल साइंसेज (30) ■ पीजी डिप्लोमा इन तमिल रेग्युलर (20) ■ प्रोफिशिएंसी इन तमिल रेग्युलर (20) ■ पीजी डिप्लोमा इन बायो डायवर्सिटी वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट (30) ■ ऑनलाइन पीजी डिप्लोमा इन वाइल्ड लाइफ जर्नलिज्म (30) ■ सर्टिफिकेट कोर्स इन आर्थोनोलॉजी (20) ■ सर्टिफिकेट कोर्स इन एक्यूएटिक वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन (20) ■ सर्टिफिकेट कोर्स इन वेस्टर्लैंड मैनेजमेंट (20) ■ डिप्लोमा इन फ्रेंच (20) ■ प्रोफिशिएंसी इन फ्रेंच रेग्युलर (60)।

अब मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाएगी डेलीगेसी

बदलाव : लविवि की डेलीगेसी सिर्फ खेल प्रतियोगिता तक ही नहीं होगी सीमित

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की डेलीगेसी अब सिर्फ खेल प्रतियोगिता तक ही सीमित नहीं होगी। इसके जरिये विद्यार्थियों को नौकरी की जानकारी देने से लेकर साक्षात्कार देने के तरीके भी बताए जाएंगे। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर मौजूद होकर डेलीगेसी न सिर्फ विवि बल्कि कॉलेज के विद्यार्थियों से भी जुड़ेगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय की स्थापना आवासीय विवि के रूप में हुई है। यहां छात्रावास के साथ ही डे स्कॉलर के लिए डेलीगेसी की व्यवस्था जरूरी है। इनका संचालन बंद नहीं किया जा सकता है। छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को छात्रावास में पत्र-पत्रिकाओं तथा मनोरंजन के लिए कुछ गेम्स की व्यवस्था होती है। इसी तरह डे स्कॉलर के लिए डेलीगेसी पर पत्र-पत्रिकाओं के साथ ही मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों की व्यवस्था होती है। विवि की विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों को दो ही प्रकार से प्रतिभाग करने का मौका मिलता है। पहला, वे छात्रावास के निवासी हों या फिर डेलीगेसी के सदस्य हों। विवि में शहर के विभिन्न भागों में डेलीगेसी स्थित हैं, लेकिन सुविधा और रख-रखाव के अभाव में विद्यार्थियों ने इससे दूरी बनाई हुई है। डेलीगेसी के लिए लविवि हर विद्यार्थी से 30 रुपये फीस भी लेता है। ऐसे में डेलीगेसी निदेशक प्रो. आरपी सिंह ने इसके विकास का नया खाका तैयार किया है। डेलीगेसी को ऑफलाइन के साथ ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लाया जाएगा। इस प्लेटफॉर्म पर विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर आधारित रिकॉर्डेड लेक्चर मिलेंगे। साथ ही नौकरी और साक्षात्कार संबंधी जानकारी भी इस पर दी जा सकेगी। इसका लाभ सभी विद्यार्थी उठा सकेंगे।

सांस्कृतिक रुचि के लिए मंच व मार्गदर्शन दोनों

लविवि डेलीगेसी के माध्यम से सांस्कृतिक रुचि वाले विद्यार्थियों को मंच और मार्गदर्शन दोनों प्रदान करेगा। डेलीगेसी से जुड़कर विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। साथ ही उन्हें संगीत, गायन, वादन, अभिनय, चित्रकारी जैसी कलाओं के लिए विशेषज्ञों से मार्गदर्शन भी दिलाया जा सकेगा।

"डेलीगेसी को उन्नत बनाया जा रहा है। परिसर के साथ ही कॉलेज के विद्यार्थी भी इसका लाभ उठा सकेंगे। हमारा उद्देश्य हर विद्यार्थी को शिक्षा के साथ ही व्यक्तित्व विकास का मौका देना है। **-डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव,** प्रवक्ता लविवि

एलयू बनाएगा फैमिली बिजनेस लीडर्स

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय अब युवाओं को एक सक्षम उद्यमी और पारिवारिक विजनेस लीडर्स के रूप में विकसित करेगा। विवि के इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस की ओर से नए सत्र से एमबीए में एंटरप्रेन्योरशिप एंड फैमली विजनेस नाम से दो वर्षीय डिग्री कोर्स होगा।

60 सीटें होंगी कोर्स में
80 हजार रुपये प्रति सेमेस्टर होगी फीस

इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस के विशेष अधिकारी प्रो. मनोज अग्रवाल ने बताया कि यह कोर्स न केवल युवाओं को फैमिली विजनेस शुरू करने के लिए प्रशिक्षित करेगा बल्कि जिनका फैमिली विजनेस है, उनको और अधिक सशक्त करने में मदद करेगा।

NBT Page 2

एलयू में नए सत्र से शुरू होंगे 31 नए कोर्स

अलग-अलग विभागों में जल्द होंगे शुरू

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) में नए सत्र से 31 नए डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स शुरू होने जा रहे हैं। ये कोर्स विश्वविद्यालय के अलग-अलग विभागों में शुरू होंगे। इन कोर्सों को शुरू करने की अनुमति 22 जुलाई को हुई विद्या परिषद की बैठक में दी गई थी।

किस कोर्स में कितनी सीटें

पीजी डिप्लोमा इन हॉस्पिटैलिटी ऐंड मैनेजमेंट(60 सीट, एक साल), डिप्लोमा इन इंटरनैशनल एयरलाइन टिकटिंग ऐंड ग्लोबल डिस्ट्रीब्यूशन (30 सीट, एक साल), ऑनलाइन सार्टिफिकेट फाउंडेशनल इन टूरिज्म ऐंड ट्रैवल (60 सीट, छह माह), ऑनलाइन सार्टिफिकेट ऑफ ग्लोबल टूरिज्म डेस्टिनेशन स्पेशिलाइजेशन(60 सीट, छह माह), अडवांस डिप्लोमा इन क्लीनिकल न्यूट्रीशन ऐंड डाइट (30 सीट, एक साल), अडवांस डिप्लोमा इन चाइल्ड गाइडेंस ऐंड काउंसलिंग(30 सीट, एक साल), प्रफेशनल डिप्लोमा इन क्लनीकल साइकॉलजी(16 सीट, एक साल), ऑनलाइन सार्टिफिकेट प्रोग्राम ऑन सक्सेसफुल कॅरियर बिल्डिंग(30 सीट, छह माह), पीजी डिप्लोमा इन एपीडेमियोलॉजी ऐंड बॉयोटेक्निक(30 सीट, छह माह), एमए डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन(30 सीट,एक साल), पीजी डिप्लोमा इन राइट टू एजुकेशन ऐंड डेमोक्रेसी(30 सीट, एक साल), पीजी डिप्लोमा इन डिजास्टर रिलीफ ऐंड रिहेबिलिटेशन(30 सीट, एक साल), पीजी डिप्लोमा इन रिप्रोडक्शन ऐंड चाइल्ड हेल्थ (30 सीट, एक साल), पीजी डिप्लोमा इन एचआईवी ऐंड फैमिली लाइफ एजुकेशन(30 सीट, एक साल), पीजी डिप्लोमा इन सोशल स्टडीज ऐंड ह्यूमन राइट्स (30 सीट, एक साल), पीजी डिप्लोमा इन साइबर लॉ (40 सीट, एक साल), पीजी डिप्लोमा इन इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट (40 सीट, एक साल), पीजी डिप्लोमा इन गर्भ संस्कार (30 सीट), ऑनलाइन सार्टिफिकेट प्रोग्राम इन गर्भ संस्कार (50 सीट, छह माह), पीजी डिप्लोमा इन एक्सप्लोरेशन रिसोर्सेस ऐंड माइनिंग टेक्नॉलजी (15 सीट, एक साल), डिप्लोमा इन डेटा एनालिसिस विद स्टेटिकल पैकेज फॉर सोशल साइंस (30 सीट, एक साल), प्रफिशिएंसी इन तमिल (20 सीट), पीजी डिप्लोम इन वायोडाइवर्सिटी वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन ऐंड मैनेजमेंट (30 सीट), ऑनलाइन पीजी डिप्लोमा इन वाइल्ड लाइफ जर्नलिज्म (30 सीट), सर्टिफिकेट कोर्स आर्थिनोलॉजी (20 सीट, छह माह), सर्टिफिकेट इन एक्वेटिव वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन (20 सीट, छह माह), सर्टिफिकेट कोर्स इन वेट लैंड्स मैनेजमेंट (20 सीट, छह माह), डिप्लोमा इन फ्रेंच (20 सीट, एक साल), प्रफिशिएंसी इन फ्रेंच (60 सीट)।

यह होगी फीस

वे कोर्स जिनकी 30 और इससे ज्यादा सीटें हैं, उनकी फीस ₹18,000 प्रति सेमेस्टर है। वहीं, सुपर स्पेशिलाइज्ड कोर्सों की फीस 37,000 प्रति सेमेस्टर है।

"इन कोर्सेज की आवेदन की प्रक्रिया अभी प्रॉसेस में हैं। दो से चार दिन में एलयू की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, जिससे स्टूडेंट्स आवेदन कर सकेंगे। *दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता, एलयू*

इंटर के बाद छह महीने में स्टूडेंट्स बनेंगे काउंसलर

एलयू के साइकॉलजी विभाग में शुरू होंगे तीन नए डिप्लोमा कोर्स

■ **शिवम अग्निहोत्री, लखनऊः** इंटर के बाद काउंसलर के क्षेत्र में करियर बनने के लिए अभ्यर्थियों के पास बेहतरीन मौका है। एलयू इस सत्र से साइकॉलजी विभाग में छह माह का करियर काउंसलर डिप्लोमा कोर्स शुरू करने जा रहा है। इसके अलावा दो अन्य डिप्लोमा कोर्स चाइल्ड गाइडेंस ऐंड काउंसलिंग और प्रफेशनल डिप्लोमा इन क्लीनिकल साइकॉलजी भी शुरू होगा।

देना होगा एंट्रेंस एग्जामः कोर्सों में आवेदन की तारीख जारी नहीं हुई है। इनमें दाखिले के लिए एंट्रेंस एग्जाम देना होगा।

ये हैं कोर्स

करियर काउंसलर डिप्लोमा कोर्सः यह कोर्स इंटर पासआउट अभ्यर्थी कर सकते हैं। इसकी अवधि छह माह है। पासआउट स्टूडेंट्स क्वीर प्रफेशनल काउंसलर सलाह दे सकते हैं।

30 सीटें | 18,000 फीस

चाइल्ड गाइडेंस ऐंड काउंसलिंग डिप्लोमा कोर्सः यह कोर्स पीजी के पासआउट स्टूडेंट्स कर सकते हैं। इसकी अवधि एक साल है।

30 सीटें | 18,000 फीस

प्रफेशनल डिप्लोमा इन क्लिनिकल साइकॉलजीः इस कोर्स की काफी डिमांड है। यह कोर्स एमए या पीजी के पासआउट स्टूडेंट्स कर सकते हैं। इसकी समयावधि एक साल है।

16 सीटें | 37,000 फीस

i-NEXT Page 4

डिग्री कोर्स से एलयू देगा फैमिली बिजनेस के टिप्स

LUCKNOW(24 July, inext): भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय ने तैयारियां शुरू कर दी हैं. युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए और फैमिली बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए एलयू एमबीए में एक नया डिग्री कोर्स शुरू करने जा रहा है. इस कोर्स को इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस में एंटरप्रेन्योरशिप एंड फैमली बिजनेस से नाम से नए सत्र से शुरू किया जाएगा.

कोर्स एक नजर में

- यह डिग्री कोर्स दो साल का होगा, जिसमें चार सेमेस्टर होंगे
- इस कोर्स में कुल 60 सीटें होंगी
- इस कोर्स की फीस प्रति सेमेस्टर 80 हजार रुपये है.

सफल उद्यमी बनाएंगे

इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस के विशेष अधिकारी प्रो. मनोज अग्रवाल ने बताया कि यह कोर्स न केवल युवाओं को फैमिली बिजनेस शुरू करने के लिए प्रशिक्षित करेगा बल्कि मौजूदा समय में जिन परिवारों में फैमिली बिजनेस चल रहा है उन्हे सशक्त करने में मदद करेगा. कोर्स से स्टूडेंट्स को एक सक्षम उद्यमी और एक सफल पारिवारिक बिजनेस लीडर्स के रूप में विकसित होने की शिक्षा दी जाएगी.

एलयू के नौ स्टूडेंट्स को मिली जॉब

इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस के एमबीए स्टूडेंट्स का हुआ चयन

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW(24 July): लॉकडाउन में कई लोगों की जॉब चली गई, वहीं एलयू स्टूडेंट्स को नौकरी के नए अवसर प्रदान कर रहा है. एलयू के न्यू कैंपस स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस से एमबीए कर रहे नौ स्टूडेंट्स का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है. इनमें से छह स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट लखनऊ की निजी कंपनियों में हुआ. इनका सालाना पैकेज 10 लाख का है. बाकी स्टूडेंट्स का बाराबंकी, बरेली, बैंगलोर जैसे शहरों में चयन हुआ है.

CONCEPT PIC

इन कोर्सेस के स्टूडेंट

एलयू के न्यू कैंपस स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस से एमबीए फाइनेंस एंड कंट्रोल का कोर्स कर रहे मो. सामी उल्ला और सौम्या पांडेय का सेलेक्शन बरेली की निजी कंपनी में हुआ. एमबीए मार्केटिंग का कोर्स कर रहे आशुतोष सिंह और शकील अहमद का लखनऊ में 10-10 लाख के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ. इसके अलावा अन्य स्टूडेंट्स का 4.20 लाख के पैकेज पर लखनऊ और बाराबंकी में नौकरियां लगी हैं. इसके अलावा बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट , बिजनेस डेवलपमेंट एग्जिक्युटिव, मैनेजमेंट ट्रेनी, एचआर एंड एडमिन एग्जिक्युटिव और मैनेजमेंट ट्रेनी एचआर के पद पर चयन हुआ है.

HINDUSTAN PAGE 3

लखनऊ विवि

- नए सत्र से सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा कोर्स शुरू करने की तैयारी
- विद्या परिषद से मिली अनुमति, वेबसाइट पर दी जाएगी आवेदन संबंधी जानकारी

गर्भ संस्कार समेत 31 नए कोर्स शुरू होंगे

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय नए सत्र से गर्भ संस्कार, न्यूट्रिशियन और टूरिज्म समेत 31 नए डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने जा रहा है। यह कोर्स 6 से 12 महीने के होंगे। विद्या परिषद ने इन सभी कोर्सों को शुरू करने की अनुमति दे दी है। इन कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया कब से शुरू होगी, इसकी घोषणा जल्दी की जाएगी।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि वह कोर्स जिनमें 30 या उससे अधिक सीटें हैं, उनकी फीस 18 हजार रूपए प्रति सेमेस्टर निर्धारित की गई है। वहीं सुपर स्पेशलाइज्ड कोर्स की फीस 37,000 प्रति सेमेस्टर तय की गई है।

इन कोर्सों में आवेदन कब से शुरू होंगे,

इसकी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। छात्र-छात्राएं अधिक जानकारी के लिए लविवि की वेबसाइट देख सकते हैं।

6 माह वाले

- ऑनलाइन सर्टिफिकेट फाउंडेशनल इन टूरिज्म एंड ट्रैवल : 60 सीट
- ऑनलाइन सर्टिफिकेट ऑफ ग्लोबल टूरिज्म डेस्टिनेशन स्पेशलाइजेशन : 60 सीट
- ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्रोग्राम ऑन सक्सेसफुल करियर बिल्डिंग : 30 सीट
- पीजी डिप्लोमा इन एपीडेमियोलॉजी एंड बॉयोटेक्निक : 30 सीट
- सर्टिफिकेट कोर्स आर्थिनोलॉजी : 20 सीट
- सर्टिफिकेट इन एक्वेटिव वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन : 20 सीट
- सर्टिफिकेट कोर्स इन वेट लैंड्स मैनेजमेंट : 20 सीट
- प्रोफिशिएंसी इन फ्रेंच : 60 सीट
- प्रोफिशिएंसी इन तमिल : 20 सीट
- ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन गर्भ संस्कार : 50 सीट

1 साल वाले

- पीजी डिप्लोमा इन हॉस्पिटेलिटी एंड मैनेजमेंट : 60 सीट
- डिप्लोमा इन इंटरनेशनल एयरलाइन टिकटिंग एंड ग्लोबल डिस्ट्रीब्यूशन : 30 सीट
- एडवांस डिप्लोमा इन क्लीनिकल न्यूट्रीशन एंड डाइट : 30 सीट
- एडवांस डिप्लोमा इन चाइल्ड गाइडेंस एंड काउंसलिंग : 30 सीट
- प्रोफेशनल डिप्लोमा इन क्लीनिकल साइकोलॉजी :16 सीट
- एमए डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन : 30 सीट
- पीजी डिप्लोमा इन राइट टू एजुकेशन एंड डेमोक्रेसी : 30 सीट
- पीजी डिप्लोमा इन डिजास्टर रिलीफ एंड रिहेबिलेशन : 30 सीट
- पीजी डिप्लोमा इन रिप्रोडक्शन एंड चाइल्ड हेल्थ : 30 सीट
- पीजी डिप्लोमा इन एचआईवी एंड फैमिली लाइफ एजुकेशन : 30 सीट पीजी डिप्लोमा इन एक्सप्लोरेशन रिसोर्सेस एंड माइनिंग टेक्नोलॉजी : 15 सीट
- पीजी डिप्लोमा इन गर्भ संस्कार : 30 सीट
- डिप्लोमा इन फ्रेंच : 20 सीट
- पीजी डिप्लोमा इन एक्सप्लोरेशन रिसोर्सेस एंड माइनिंग टेक्नोलॉजी : 15 सीट
- पीजी डिप्लोमा इन बायोडायवर्सिटी वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट : 30 सीट एवं अन्य कोर्स।

एमबीए में भी नया कोर्स

लविवि के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंस ने छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एमबीए में इंटरप्रेन्योरशिप एंड फैमिली बिजनेस नाम से नया कोर्स शुरू किया है। दो वर्षीय कोर्स की फीस 80 हजार प्रति सेमेस्टर है। इसी सत्र से इस कोर्स में दाखिले की तैयारी है। इस कोर्स के जरिए परिवारिक उद्योग को स्थापित और आगे बढ़ाने के साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

लविवि छात्रों को 10 लाख की नौकरी

लखनऊ । कोरोना संक्रमण में डिग्री हासिल करने वाले छात्रों की सबसे बड़ी परेशानी एक अच्छी नौकरी हासिल करना है। एक तरफ युवा नौकरी के लिए कम्पनियों के चक्कर काट रहे हैं, वहीं लखनऊ विश्वविद्यालय कोरोना संक्रमण काल में भी छात्रों को नौकरी के बेहतरीन अवसर उपलब्ध करा रहा है। शुक्रवार को विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंस में आयोजित हुए प्लेसमेंट में करीब आधा दर्जन छात्रों को दस लाख तक के पैकेज पर नौकरी हासिल हुई है।

लविवि प्रशासन के अनुसार आईएमएस की एमबीए फाइनेंस एंड कंट्रोल के मो. समीउल्लाह व सौम्या पांडेय को इंटरव्यू व परीक्षा के बाद एक निजी कम्पनी में दस लाख रु. सालाना की नौकरी मिली है। वहीं, एमबीए मार्केटिंग के शकील अहमद व आशुतोष सिंह को बंगलुरु की एक कम्पनी में दस लाख के पैकेज पर नौकरी मिली है। कुछ छात्रों को बरेली व लखनऊ में भी अच्छे पैकेज पर नौकरी मिली है।

JAGRAN CITY PAGE 1

शारीरिक दूरी ने दिया भावनात्मक दूरी कम करने का मौका

कोरोना काल में रटे होम सुरक्षित तरीका है, हम घर पर रहते हुए भी अपने आपको कई तरह से व्यस्त रख सकते हैं। घर पर बोर न हों इसके लिए अलग-अलग इंटरटेनमेंट इवेंट्स को अपने डेली रुटीन में शामिल कर सकते हैं। फिर चाहे इंडोर गेम्स हों, कुकिंग य फिर गार्डनिंग। इस दौर के लम्बे खिंच जाने की वजह से लोगों की चिंता और तनाव का स्तर ऊंचा हो गया, इसलिए जरूरी है कि हम वो समय निकालें जो सिर्फ अपने लिए हो और अब हम ऐसा कुछ करें जो हमें पसंद हो और जिससे हम रिलैक्स हों। एक बात और हमें ध्यान में रखनी है कि यह अपनों से जुड़ने का एक अच्छा मौका है। शारीरिक दूरी ने हमें मौका दिया है कि हम भावनात्मक दूरी को कम कर सकें। इस मौके का भरपूर फायदा उठाइए। घर और परिवार को पूरा समय दीजिए। बच्चों के साथ वक्त गुजारिए।

-मानवी श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, लविवि

TOI PAGE 5

LU to offer 31 PG diploma courses

Lucknow University will offer 31 PG diploma and certificate course this year. LU is offering nine new courses which includes PG Diploma and online certificate programme in Garbha Sanskar with 30 and 50 seats, respectively, PG diploma in Cyberlaw and Intellectual Property Rights with 40 seats each, an online certificate of foundation in tourism and travel, Online certificate of Indian Tourism and specialization with 60 seats and online PG diploma in wildlife journalism with 30 seats. "The application forms will likely be available from next week. Admissions will be done on merit basis," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

PIONEER PAGE 4

लविवि में शुरू होंगे 31 नए डिप्लोमा व पीजी डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2020-21 से 31 नए डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स का संचालन शुरू किया जाएगा। ये 31 कोर्स विश्वविद्यालय के अलग अलग विभागों में शुरू होंगे।

विद्या परिषद की बैठक में इन सभी कोर्सेज को शुरू करने अनुमति प्रदान की गई है। इनमें पीजी डिप्लोमा इन हॉस्पिटैलिटी एंड मैनेजमेंट(60 सीट, एक साल), डिप्लोमा इन इंटरनेशनल एयरलाइन टिकेटिंग एंड ग्लोबल डिस्ट्रीब्यूशन (30 सीट, एक साल), ऑनलाइन सार्टीफिकेट फाउंडेशनल इन टूरिज्म एंड ट्रैवल(60 सीट, छह माह), ऑनलाइन सार्टीफिकेट ऑफ ग्लोबल टूरिज्म डेस्टिनेश स्पेशिलाइजेशन(60 सीट, छह माह), एडवांस डिप्लोमा इन क्लीनिकल न्यूट्रीशन एंड डाइट(30 सीट, एक साल), एडवांस डिप्लोमा इन चाइल्ड गाइडेंस एंड काउंसलिंग(30 सीट, एक साल), प्रोफेशनल डिप्लोमा इन क्लनीनिकल साइकोलॉजी(16 सीट, एक साल), ऑनलाइन सार्टीफिकेट प्रोग्राम ऑन सक्सेसफुल करियर बिल्डिंग(30 सीट, छह माह), पीजी डिप्लोमा इन एपीडेमियोलॉजी एंड बॉयोटेक्निक(30 सीट, छह माह), एमए डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन(30 सीट, एक साल), पीजी डिप्लोमा इन राइट टू एजुकेशन एंड डेमोक्रेसी(30 सीट, एक साल), पीजी डिप्लोमा इन डिजास्टर रिलीफ एंड रिहेबिलेशन(30, एक साल), पीजी डिप्लोमा इन रिप्रोडेक्शन एंड चाइल्ड हेल्थ(30 सीट, एक साल), पीजी डिप्लोमा इन एचआईवी एंड फैमली लाइफ एजुकेशन(30 सीट, एक साल), पीजी डिप्लोमा इन सोशल स्टडीज एंड ह्यूमन राइट्स(30 सीट, एक साल), पीजी डिप्लोमा इन साइबर लॉ(40 सीट, एक साल), पीजी डिप्लोमा इन इंटलेक्चुअल प्रोपर्टी राइट (40 सीट, एक साल) पीजी डिप्लोमा इन गर्भ संस्कार (30 सीट, एक साल), ऑनलाइन सार्टिफिकेट प्रोग्राम इन गर्भ संस्कार (50 सीट, छह माह), पीजी डिप्लोमा इन एक्सप्लोरेशन रिसोर्सेस एंड माइनिंग टेक्नोलॉजी (15 सीट, एक साल), डिप्लोमा इन डेटा एनालिसिस विद स्टेटिकल पैकेज फॉर सोशल साइंस (30 सीट, एक साल), पीजी डिप्लोमा इन तमिल (20 सीट, एक साल), प्रोफिशिएंसी इन तमिल (20 सीट, छह माह), पीजी डिप्लोमा इन बायोडावर्सिटी वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट (30 सीट, एक साल), ऑनलाइन पीजी डिप्लोमा इन वाइल्ड लाइफ जर्नालिज्म (30 सीट, एक साल), सार्टिफि केट कोर्स आर्थिनोलॉजी (20 सीट, छह माह), सार्टिफि केट इन एक्वेटिव वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन (20 सीट, छह माह), सार्टिफि केट कोर्स इन वेट लैंड्स मैनेजमेंट (20 सीट, छह माह), डिप्लोमा इन फ्रैंच (20 सीट, एक साल), प्रोफिशिएंसी इन फ्रैंच (60 सीट, छह माह) शामिल है। इनमे जिनकी 30 सीट और अधिक हैं उसकी फीस 18,000 प्रति सेमेस्टर है। वहीं सुपर स्पेशियालिज्ड कोर्सेज की फीस 37,000 प्रति सेमेस्टर है।

AMRIT VICHAR PAGE 3

कॉलेजों से मांगी गई रिपोर्ट

लखनऊ विश्वविद्यालय में अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं की तैयारियां

अमृत विचार लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में इस साल अंतिम वर्ष की परीक्षाओं को लेकर चल रही तैयारियों की बीच संबद्ध महाविद्यालयों से भी तैयारियों का ब्योरा मांगा गया है। कॉलेजों में बने परीक्षा केन्द्रों पर कोविड- 19 को देखते हुए कोई लापरवाही न होने पाये इस संबंध में विश्वविद्यालय की ओर से दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं, साथ ही यह भी कहा है कि केन्द्रों पर सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए परीक्षार्थियो के बैठने की जगह होनी चाहिए। प्रतिदिन तीन चरणों में आयोजित परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षार्थी को बिना जांच के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।

बता दें कि इस बार विश्वविद्यालय में ओएमआर पर मल्टीपल चॉइस बेस्ड क्वेश्चन (एमसीक्यू) आधारित परीक्षा प्रणाली पर आयोजित होगी। कोरोना संक्रमण की वजह से निर्णय लिया गया है। साथ ही विवि ने प्रमोशन संबंधी पॉलिसी पर भी नियमावली जारी कर दी है। सरकार के निर्देश के अनुसार स्नातक और परास्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की परीक्षा होगी। बाकी परीक्षार्थियों को पिछली परीक्षा के आधार पर प्रमोट किया जाएगा। लखनऊ विश्वविद्यालय में वार्षिक परीक्षा 16 मार्च से शुरू हो चुकी थीं। इसके बाद कोरोना संक्रमण को देखते हुए परीक्षा स्थगित कर दी गईं थीं। अब परीक्षा के लिए नई नियमावली जारी कर दी गई है। इस नियमावली के अनुसार पूर्व में हो चुकी परीक्षा रद्द मानी जाएगी तथा उसका पेपर भी नई नियमावली के हिसाब से होगा। एमसीक्यू आधारित परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र तैयार करने की जिम्मेदारी विभागाध्यक्ष को दी गई है।

दो घंटे का होगा पेपरः परीक्षा के लिए 120 मिनट का समय मिलेगा। ओएमआर में दो भाग होंगे, जिससे कि दोनों विषय के नंबर अलग-अलग दिए जा सकें। इसी तरह बीकॉम ऑनर्स और एमकॉम के पेपर में 70 सवाल होंगे, जिसमें से 35 सव